दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 130 मुरादाबाद 05 September 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मुख्यमंत्री बोले, रामपुरी चाकू का अब हुआ है सही इस्तेमाल, शहर को विकास के साथ बांधने आया हूं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर के फिजिकल कॉलेज मैदान में सबसे पहले 72 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए बिना नाम लिए इशारों-इशारों में आजम खां और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लिया। कहा कि अभी तक रामपुरी चाकू का गलत इस्तेमाल हो रहा था। भाजपा सरकार ने रामपुरी चाकू का सही इस्तेमाल किया है। अब रामपुर जनपद विकास की राह पर सरपट दौड़ेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिजनौर से हेलीकॉप्टर के जरिए रामपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा नेता आजम खां के गढ़ में बिना नाम लिए उन पर निशाना साधा। कहा कि पिछली सरकारों में रामपुरी चाकू का इस्तेमाल लोगों के शोषण के लिए किया गया, लेकिन हमारी सरकार में यह चाकू सुरक्षा के काम आया। उन्होंने कहा कि रामपुर की जनता ने लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा और विकास के लिए भाजपा का साथ दिया। हम बिना भेदभाव के सभी वर्गों का विकास कराते आए हैं। अब रामपुर को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ेंगे। उन्होंने बिलासपुर चीनी मिल का जीर्णोद्धार, मिलक में रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण और भैया नगला पुल बनवाने समेत विकास के कई कार्य प्राथमिकता से कराने की घोषणा की।आजम खां पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने रामपुर के विकास के बजाय अपने व्यक्तिगत हित के लिए योजनाएं बनाई। मुर्तजा इंटर कॉलेज की इमारत पर कब्जा कर लिया गया। पार्टी का दफ्तर बना लिया गया। फिर अपना ही स्कूल में खोल लिया गया। इसी तरह 200 साल पुराने मदरसा आलिया की इमारत पर भी कब्जा कर लिया। उसकी किताबों को भी उठा ले गए, लेकिन हमने वापस कराईं। इनमें बेशकीमती पांडुलिपि भी शामिल है।

### दंगा फैलाने वालों को अब नहीं पनपने देंगे

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रामपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा



कि दंगा फैलाने वालों को राज्य में नहीं पनपने देंगे। माफिया व गुंडे सत्ता में होते तो राज्य में निवेश नहीं होता। आजम का नाम लिए बिना कहा कि इन्होंने तो सराकारी कार्यालयों को पार्टी का कार्यालय बना दिया। अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। मदरसे में निजी स्कूल खोल लिया। सरकार ने उसे वापस ले लिया है। सीएम योगी ने उत्तराखंड की सीमा से सटे बिलासपुर में औद्योगिक आस्थान बनाने की घोषणा की। इसके अलावा बिलासपुर चीनी मिल का आधुनिकीकरण कराने, कोसी व मिलक में पुल का निर्माण और कई मार्गों के चौड़ीकरण की भी घोषणा की।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर में इन प्रमुख योजनाओं की घोषणा की

रामपुर। सीएम योगी में उत्तराखंड की सीमा से सटे बिलासपुर में औद्योगिक आस्थान बनाने की घोषणा की। इसके अलावा बिलासपुर चीनी मिल का आधुनिकीकरण कराने, कोसी व मिलक में पुल का निर्माण और कई मार्गों के चौड़ीकरण की भी घोषणा की। चीनी मिल का जीर्णोद्धार, मिलक में रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण और भैया नगला पुल बनवाने समेत विकास के कई कार्य प्राथमिकता से कराने की घोषणा की।

## टाटा सन्स के पूर्व चेयरमैन सायरस मिस्त्री का सड़क हादसे में निधन, पालघर के पास ऐक्सिडेंट





टाटा सन्स के पूर्व चेयरमैन सायरस मिस्त्री की सड़क हादसे में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि पालघर के पास यह हादसा हुआ है। ऐक्सिडेंट के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिस्त्री चार साल तक टाटा ग्रुप के चेयरमैन रह चुके हैं। जानकारी के मुताबिक वह अहमदाबाद से मुंबई वापस जा रहे थे। पालघर के पास एक ब्रिज पर मर्सिडीज गाड़ी से उनका ऐक्सिडेंट हो गया। पीटीआई के मुताबिक यह हादसा दोपहर करीब 3 बजे हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक मिस्त्री के साथ उनके ड्राइवर की भी मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक, इस हादसे में सायरस और उनके ड्राइवर की मौत हुई जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। इसी साल 28 जून को उनके पिता और बड़े उद्योगपति पालोनजी मिस्त्री का निधन हो गया था। सायरस टाटा ग्रुप के छठे चेयरमैन थे। कुछ विवादों के चलते चार साल के अंदर ही उन्हें चेयरमैन पद से हटा दिया गया था। इसके बाद खुद रतन टाटा ने अंतरिम चेयरमैन का पद संभाला था। बाद में 2017 में एन चंद्रशेखरन को यह पद दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ड्राइविंग सीट पर महिला थी। साइड सीट पर मिस्त्री बैठे थे। पीछे दो लोग और बैठे थे। हादसा इतना भयानक थी कि गाड़ी के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह हादसा कैसे हुआ।

## कांग्रेस की हल्ला बोल रैली, राहुल बोले- पांच साल बैठाकर पूछताछ कर लो, ईडी से नहीं डरता

कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता महंगाई को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस के रैली भी आयोजित कर रही है जिसे राहुल गांधी संबोधित करेंगे। इस दौरान अशोक गहलोत, मल्लिकार्जुन खड़गे, सचिन पायलट, कमलनाथ, आराधना मिश्रा, कुमारी शैलजा और भूपेश बघेल जैसे कई बड़े नेता मौजूद हैं। उधर, भारत और पाकिस्तान क्रिकेट के मैदान पर एक बार फिर से आमने-सामने होने जा रहे हैं। दोनों टीमों के बीच यह ब्लॉकबस्टर मुकाबला रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होना है। गुलाम नबी आजाद के करीबी नेता लगातार कांग्रेस छोड़ रहे हैं। सेंट्रल विस्टा परियोजना का एक प्रमुख हिस्सा सेंट्रल विस्टा एवेन्यू अब पूरी तरह तैयार हो गया हैराहुल गांधी ने कहा कि मीडिया, न्यायपालिका,



निर्वाचन आयोग जैसी संस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है। सरकार लगातार उन सभी पर हमला कर रही है। नरेंद्र मोदी सरकार में भविष्य का डर, महंगाई का डर और बेरोजगारी का डर बढ़ता जा रहा है। राहुल ने कहा कि हमारे लिए सरकार ने रास्ते बंद कर दिए हैं। संसद का रास्ता बंद कर दिया। संसद में विपक्ष का माइक बंद कर दिया जाता है, हमें बोलने नहीं दिया जाता। चुनाव आयोग, न्यायपालिका पर दबाव बना हुआ है। इसीलिए जनता के बीच में जाकर, जनता को देश की सच्चाई बतानी है। देश का नुकसान हो रहा, सिर्फ कांग्रेस ही देश को बचा सकती है राहुल गांधी ने कृषि कानूनों के लिए कहा कि ये तीनों कानून उद्योगपतियों के लिए लाए गए थे। किसानों की ताकत ने इन कानूनों को वापस लेने पर मजबूर कर दिया। हिंदुस्तान में आम नागरिक मुश्किल में हैं, देश का नुकसान हो रहा है। 70 साल में कांग्रेस ने ऐसी महंगाई कभी नहीं दिखाई। सिर्फ कांग्रेस ही देश को बचा सकती है।राहुल गांधी ने कहा कि देश में लोगों और नेताओं को एजेंसियों से डराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे ईडी ने 55 घंटे बैठाकर पूछताछ की है लेकिन कुछ नहीं निकला। एयरपोर्ट, मोबाइल का पूरा सेक्टर इन्हीं दोनों उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। सरकार पर भी इन्हीं का कंट्रोल है।रैली की शुरुआत में ही राहुल गांधी ने कहा कि देश में नफरत फैलाई जा रही है। नफरत इसलिए फैलाई जा रही है क्योंकि कुछ लोगों को अपने भविष्य को लेकर डर है। उन्होंने कहा कि नफरत और डर का फायदा हिंदुस्तान के दो उद्योगपति उठा रहे हैं।राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह सरकार संवैधानिक मूल्यों को खत्म करने में लगी है। अशोक गहलोत ने कहा कि देश में संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं। नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार करते थे काला धन लेकर आऊंगा, महंगाई खत्म करूंगा, 2 करोड़ रोजगार दूंगा लेकिन अब क्या ही कहा जाए। अशोक गहलोत ने कहा कि ये लोग धर्म के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। ईडी, सीबीआई और आईटी का दुरुपयोग कर रहे हैं। देश में इन लोगों ने आतंक मचा रखा है। लेकिन अंतिम जीत सत्य की होगी।

# गोपाल वर्मा हत्याकाण्ड का 24 घंटे के अंदर पुलिस ने किया खुलासा - दो दोस्तों ने रुपयों के लालच में रची थी हत्या की कहानी - हुऐ गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- आज रविवार को पुलिस लाइन स्थिति सभाकक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिहं कुशवाहा ने आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गत शनिवार को वादी मुकेश पुत्र राजेन्द्र प्रकाश निवासी बड़ा बाजार कस्बा व थाना जलेसर द्वारा थाना जलेसर पर इस आशय की लिखित सूचना दी गई कि 01.09.2022 को दादी द्वारा अपने पुत्र गोपाल उम्र करीब 22 वर्ष के सम्बन्ध में थाना जलेसर पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी, दिनांक 02.09.2022 की रात्रि में उसके पुत्र का शव थाना जलेसर क्षेत्रांर्तगत नगला बबूल के पास बाजरे के खेत में संदिग्धावस्था में पड़ा हुआ मिला है किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा उनके पुत्र की हत्या कर शव बाजरे के खेत में डाल दिया गया है। इस सम्बन्ध में थाना जलेसर पर मुअसं 337/2022 धारा 302, 201 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। गत शनिवार को थाना जलेसर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त की विवेचना से प्रकाश में आए दो अभियुक्तों प्रेमरतन पुत्र सोबरन सिहं निवासी ग्राम नगला धनी व विष्णूदेव उर्फ आकाश पुत्र ओमकार सिहं निवासी ग्राम नगला दमी थाना अकराबाद जिला अलीगढ को थाना जलेसर क्षेत्रांतर्गत गढ़ी रामलाल तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 364 ए भादवि की बढोत्तरी कर अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुऐ जेल भेजा जा रहा है !

# नौ बोटा हरा शीशम लकडी के साथ दो गिरफ्तार पिकअप सीज

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - थानाध्यक्ष पंकज कुमार थाना सिरसिया के मय हमराह टीम के क्षेत्र मे भ्रमणशील थे कि मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्तगणों 1.गोल्डन श्रीवास्तव पुत्र ठाकुर दीन श्रीवास्तव निवासी लक्ष्मणपुर बाजार थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती 2. आरिफ पुत्र मोहम्मद अरशद निवासी नई बाजार भिनगा श्रावस्ती के पास से बिना परमिट के काटी गई 09 बोटा हरा शीशम की लकड़ी लदी पिकअप बरामद किया गया। थाना स्थानीय पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध मुश्अश्संश-281/2022 धारा 4/10 P GTP एक्ट व 3/28 ट्रांजिट रूल्स में अभियोग पंजीकृत किया।

# नाजायज चाकू के साथ एक गिरफ्तार, मोटरसाइकिल सीज

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती - प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती मय थाना स्थानीय की पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान समय माता दुर्गा मन्दिर कस्बा इकौना से 01 अभियुक्त बिजली पुत्र अब्दुल निवासी भयापुरवा दा0 रेहारा थाना भिनगा श्रावस्ती को 01 अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया तथा वाहन अधिनियम के अंतर्गत 01 अदद मोटरसाइकिल सीज की गई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर मु0अ0स0 0241/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया ।

# प्रिंसिपल के सस्पेंड होने पर बच्चों ने स्कूल में दिया धरना, शिक्षिका से लिपटकर खूब रोये, बीएसए ने बताया साजिश



अच्छी शिक्षा और बच्चों के बीच बेहतर समंजस्य ही एक अच्छे और मेहनती शिक्षक की पहचान होती है। कुछ इसी तरह का नजारा यूपी के मिर्जापुर में देखने को मिली है। यहां की एक शिक्षिका को सस्पेंड कर दिया गया था। इसकी जानकारी जब बच्चों को मिली तो वह शिक्षिका से लिपट कर रोने लगे। बच्चों को रोता देखकर शिक्षिका का भी गला रुंध गया। शिक्षिका ने भी बच्चों से रोते हुए दोबारा आने का प्रॉमिस किया। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिक्षिका और बच्चों का यह भावुक वीडियो जब बीएसए के पास पहुंचा तो उन्होंने इसे साजिश बताया।मामला मिर्जापुर जिले के छानबे ब्लॉक के चड़ैचा गांव के प्राथमिक विद्यालय का है। इस स्कूल में प्रधानाध्यापिका पद पर तैनात दीपमाला और एक सहायक अध्यापक को शनिवार को बीएसए गौतम प्रसाद ने सस्पेंड कर दिया था। बीएसए ने प्रधानाध्यापिका को ब्लाक संसाधन केंद्र विजयपुर तथा सहायक अध्यापक को पीएस भागदेवर से संबंध कर दिया था। बीएसए ने यह कार्रवाई बीते 27 अगस्त को विद्यालय अवधि के बाद एक रसोईया को तीन घंटे तक कमरे में बंद करने को लेकर की थी। इस मामले की जांच बैठी थी। इस जांच के लिए बीईओ और छानबे को संयुक्त रूप से जांच अधिकारी नियुक्त किए थे। बीईओ ने प्रधानाध्यापिका तथा सहायक अध्यापक के बीच गुटबाजी तथा शिक्षामित्रों और रसोइयों में तनातनी के चलते शैक्षणिक कार्य बाधित होने की रिपोर्ट दी थी। इसके बाद कार्रवाई की गई।

### स्कूल में धरने पर बैठे बच्चे

प्रधानाध्यापक को सस्पेंड किए जाने की खबर जब स्कूल के बच्चों को लगी तो वह स्कूल के गेट पर ही धरने पर बैठ गए और अपनी शिक्षिका को घेर कर उनसे लिपटकर रोने लगे। शिक्षिका के काफी समझाने पर बच्चे शांत हुए। बच्चों की आंखों में आंसू देखकर शिक्षिका भी रुंधे गले हो गईं। सस्पेंशन आदेश आदेश जारी होने के बाद सहायक अध्यापक बगैर देर किए विद्यालय परिसर से निकल लिए। जबकि काफी संख्या में जुटे अभिभावकों एवं बच्चों ने प्रधानाध्यापिका के निलंबन पर आक्रोश जाहिर करते हुए मेन गेट का ताला बंद कर दिए।

### मौके पर अधिकारियों के आने तक ताला नहीं खोलने का किया ऐलान

शिक्षिका के सस्पेंशन को लेकर आक्रोशित बच्चों ने विद्यालय गेट में ताला लगा दिया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों के न आने तक ताला नहीं खोलने का ऐलान कर दिया। आनन-फानन में पहुंचे बीईओ राजेश श्रीवास्तव से अविलंब निलंबन वापस लेने की मांग पर अड़ गए। प्रधानाध्यापिका के समर्थन में बच्चों ने सोमवार से विद्यालय नहीं आने की भी बात कही। वहीं अभिभावकों ने बहाली होने तक विद्यालय में ताला बंद करने की घोषणा की है। प्रधानाध्यापिका दीप माला मेहता ने रुंधे गले से कहा कि पूरी निष्ठा व मनोयोग से पढ़ाने का यही सिला मिला। बच्चों की आंखों से छलकते आंसू देखकर वे भी रोने लगी। इस दौरान माहौल गमगीन हो गया। काफी दूर तक रोते लिपटते बच्चों को वापस करने में प्रधानाध्यापिका को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### सहायक अध्यापक पर लगाया आरोप

अपने निलंबन को लेकर मायूस कंपोजिट विद्यालय चड़ैचा की प्रधानाध्यापिका दीप माला मेहता ने सहायक अध्यापक पर कई गंभीर आरोप लगाए। बगैर लाग लपेट के कहा कि प्रधानाध्यापक से सहायक बनाए जाने के बाद से ही वह प्रताड़ित कर रहा है। विद्यालय में गुटबाजी तथा शैक्षणिक माहौल खराब करने में लगा हुआ था। बच्चों की शिकायत पर उसे कई बार अभिभावकों ने फटकार लगाई थी।

# एस एस बी के जवान तथा मल्हीपुर पुलिस के द्वारा पैदल गस्त



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -भारत नेपाल सीमा पर थाना मल्हीपुर की पुलिस व एस एस बी के जवानों ने सुरक्षा की दृष्टि से संदिग्ध व्यक्तियों के वाहन चेकिंग तथा पैदल गस्त किया थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह मल्हीपुर मै हमराही टीम व उप निरीक्षक देवेंद्र यादव भारत नेपाल बॉर्डर पर एस एस बी जवानो के साथ पैदल मार्च किया गया तथा एस एस बी टीम द्वारा संयुक्त रुप से इंडो नेपाल बॉर्डर कोदिया गांव, कलकलवा गांव मे पैदल गस्त किया गया तथा भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी के साथ चौकी प्रभारी असनहरिया जय प्रकाश सिंह ,व कांस्टेबल राजेश कुमार, एवं जितेंद्र गौड़ के, द्वारा एस एस बी जवानों के साथ पैदल गस्त किया गया तथा जमुनहा की पुलिस व एस एस बी टीम द्वारा कस्बा जमुनहा में संयुक्त रूप से पैदल गस्त किया गया और भारत नेपाल सीमा की सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया कि भारत-नेपाल सीमा से खुले होने के कारण संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा वाहन व पैदल आते जाते हैं और मादक पदार्थ व भारत से नेपाल को भारतीय आवश्यक चीजों को नेपाल ले जाते हैं इसी को लेकर पुलिस व एस एस बी टीम द्वारा भारत नेपाल सीमा पर गश्त कर करके सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया गया है ।

# उद्यमी सकारात्मक सोच के साथ सिंगल विंडो प्लेटफार्म का अधिकाधिक लाभ उठाकर उद्योगों को नयी गति प्रदान करें-मुख्यमंत्री

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज अपने मुरादाबाद जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत मूढापाण्डे हवाई अड्डे में आयोजित फ्रमुरादाबाद मण्डल के उद्यमियों से संवादफ्र कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि उद्यमी सकारात्मक सोच के साथ सिंगल विंडो प्लेटफार्म एवं ईज ऑफ डोइंग बिजनेस के अन्तर्गत प्राविधानों एवं शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी विभिन्न सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर उद्योगों को नयी गति देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। उन्होंने कहा कि उद्योगों की स्थापना हेतु विभिन्न प्रकार की एन0ओ0सी0 शासन द्वारा सुगमतापूर्वक प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है।मुख्यमंत्री ने प्रदेश एवं मुरादाबाद मण्डल के तीव्र एवं संतुलित औद्योगिक विकास हेतु निवेश प्रोत्साहन एवं निर्यात प्रोत्साहन पर बल देते हुए कहा कि एक जनपद एक उत्पाद ( ओडीओपी ) योजना ने सभी जनपदों को एक विशिष्ट पहचान दी है और इसके विस्तारीकरण की कार्यवाही शासन में प्रगतिशील है। उन्होंने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु अर्थव्यवस्था के विभिन्न सेक्टरों जैसे कृषि, उद्योग, आधारभूत ढांचा सहित निवेश एवं निर्यात को अधिकाधिक बढ़ावा देने पर जोर दिया और कहा कि ओ0डी0ओ0पी0 कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से राज्य के निर्यात में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि उद्योगों हेतु लैंडबैंक का सृजन के अन्तर्गत प्रदेश में पूर्व से ही 20 हजार एकड़ का औद्योगिक भूमि बैंक उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद मण्डल के उद्यमियों का आह्वान किया कि प्रदेश में स्थापित सुरक्षा के माहौल का अधिकाधिक लाभ उठाकर अपने उद्योगों को गतिशीलता प्रदान करें तथा जनपदों में पर्यटन विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाने में भी अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा मूढापाण्डे एयरपोर्ट पर उद्यमियों से संवाद उपरान्त उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय ऋण योजनाओं के अन्तर्गत श्री पीयूष कुमार पाल को, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत रु0 10 लाख, श्री पुलकित वार्ष्णेय को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत रु0 20 लाख तथा श्री पार्थ सिंघल को एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना के अन्तर्गत रु0 50 लाख की धनराशि



के चैक/स्वीकृति पत्र वितरित किए। मूढापाण्डे एयरपोर्ट पर जनपद मुरादाबाद के उद्यमियों ने अपने अपेक्षाएं एवं सुझावों से मा0 मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि जनपद में आर-2 क्षेत्र के स्थापित इकाईयों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एन0ओ0सी0 प्राप्त नही हो पाती है। अत: सुझाव हेतु इस क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त के स्थान पर प्रदूषण नियंत्रण क्षेत्र घोषित किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। आर0टी0ओ0 आफिस से लाकडी फाजलपुर के क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक इकाइयों के क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। जनपद मुरादाबाद में 2000 से अधिक निर्यातक इकाइयां कार्यरत हैं, औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हेतु जनपद में औद्योगिक आस्थान सिर्फ हरथला एवं एस0ई0जेड0 डींगरपुर पाकबडा रोड मुरादाबाद में स्थापित हैं। इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य औद्योगिक क्षेत्र नही है। अत: जनपद में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाने की आवश्यकता है। जनपद में 2.5 लाख से अधिक हस्तशिल्पी विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं उनके द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। हस्तशिल्पियों द्वारा लम्बे समय से आर्टीजन पार्क स्थापित किए जाने की मांग की जा रही है। जनपद सम्भल के उद्यमियों ने मा0 मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि जनपद सम्भल उभरता हुआ निर्यात हब है। जनपद का मुख्य व्यवसाय कृषि उत्पादन है। जनपद सम्भल का ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद हार्न बोर्न के हस्तशिल्प उत्पाद हैं, जो देश एवं विदेशों तक प्रचलित हैं, जिनका निर्यात रु0 300 करोड से अधिक है। जनपद के मुख्य निर्यात उत्पाद में मेंथा से निर्मित उत्पाद, हॉर्न बोर्न के हस्तशिल्प उत्पाद एवं बोवाइंन मीट मुख्य है। वर्ष 2021-22 में सम्भल जनपद का कुल निर्यात रुपये 1671 करोड रुपये का था तथा कुल उत्पादन लगभग रु0 2100 करोड का रहा। सऊदी अरब, यू0ए0ई0, नीदरलैंड, यू0के, कुबैत, ओमान, अमरीका, कतर, एवं चीन मुख्य आयातक देश हैं। मेंथा उत्पाद से संबंधित व्यवसायियों की मुख्य समस्या सिंथेटिक मेंथा है जो कि जर्मनी और मलेशिया से आयातिक होकर देश एवं प्रदेश में प्रयुक्त किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, अत: सिंथेटिक मेंथा के प्रयोग एवं आयात पर उचित अंकुश लगाया जाये।

जनपद बिजनौर के उद्यमियों ने अवगत कराया कि औद्योगिक आस्थान बिजनौर में उद्यमियों को विद्युत की समस्या बनी रहती है, जिसके लिए स्वतन्त्र विद्युत फीडर की आवश्यकता है। जनपद में उद्यमियों द्वारा भूखण्डों की मांग की जा रही है जिसके लिए नया वृहद औद्योगिक आस्थान बनाने की आवश्यकता है। एक जनपद एक उत्पाद की योजना के अन्तर्गत काष्ठ कला का चयन किया गया, जबकि जनपद में गुड़ का उत्पादन अत्यधिक मात्रा में किया जाता है, अत: उद्यमी द्वारा गुड़ को एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत सहउत्पादन के रुप में सम्मिलित करने की आवश्यकता है। नगीना क्षेत्र में काष्ठ कला का कार्य छोटी-छोटी गलियों में किया जाता है। हस्तशिल्पियों के लिए शिल्पग्राम स्थापित करने की आवश्यकता है।

जनपद अमरोहा के उद्यमियों ने बताया कि ओ0डी0ओ0पी0 योजना के अन्तर्गत ढोलक एवं रेडिमेड गारमेंट को सम्मिलित किया गया है, वाद्य यंत्र ढोलक 150 से अधिक इकाइयां में 3000 से अधिक लोग कार्यरत हैं। अभी तक भारत के विभिन्न क्षेत्रों में इसके उत्पादों की बिक्री की जाती थी किन्तु वर्तमान सरकार के सहयोग से फ्लिपकार्ट एवं अमेजॉन के माध्यम से इसका निर्यात यूरोप, अमरीका, चीन और साउथ ईस्ट एशिया में किया जाने लगा। जनपद अमरोहा में मेटल एवं वुडन हैण्डीक्राफ्ट के क्षेत्र में 1 हजार करोड से अधिक का निर्यात प्रतिवर्ष होता है। 10 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार मिला है, इस क्षेत्र को भी एक जनपद एक उत्पाद में शामिल कर लिया जाये तो इस क्षेत्र में और बढोत्तरी होगी, जिससे आर्थिक गतिविधियां और बढ़ेंगी।

जनपद रामपुर के उद्यमियों ने बताया कि मेंथा उद्योग में मण्डी शुल्क समाप्त किया जाये जिससे एक्सपोर्ट प्रभावित किए जा रहे हैं, बिजली के दरें अन्य प्रदेशों के मुकाबलें अधिक है जो कम की जाये। ओडीओपी योजनान्तर्गत उद्योग पेचवर्क, जरी उद्योग के लिए टेक्नर, फैशन, डिजाइनर, फिनीशिंग प्लान की व्यवस्था की जाये। हास्पिटालिटी को उद्योग का दर्जा दिया गया लेकिन उसके लाभ नही दिए जा रहे हैं। होटल उद्योग से उद्योगों वाली बिजली दरें ली जा रही है। नई पर्यटन नीति में नये होटल स्थापित करने एवं होटल के विस्तार हेतु होटल उद्योग को सब्सिडी की घोषणा की जाये। लकडी उद्योग के अन्तर्गत मण्डी समिति द्वारा लिए जाने वाले मण्डी शुल्क को माफ कर दिया जाये। जनपद रामपुर के बिलासपुर तहसील में औद्योगिक आस्थान बनाने की व्यवस्था की जाये।

इस अवसर पर मुरादाबाद नगर विधायक श्री रितेश कुमार गुप्ता, महापौर श्री विनोद अग्रवाल, पूर्व सांसद कु0 सर्वेश सिंह आदि जनप्रतिनिधियों सहित मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह, ए0डी0जी0 पुलिस बरेली श्री राजकुमार, डी0आई0जी0 पुलिस श्री शलभ माथुर, जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमंत कुटियाल, नगर आयुक्त श्री संजय चैहान, एडीएम सिटी श्री आलोक कुमार वर्मा, एडीएम प्रशासन श्री सुरेन्द्र सिंह आदि अधिकारीगण के अतिरिक्त मुरादाबाद जनपद के पांचों जिलों मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा एवं सम्भल के उद्यमी/उद्योगपति उपस्थित थे।

## दुष्कर्म पीड़िता ने फांसी लगाकर दी जान, केस दर्ज

मुरादाबाद। सोनकपुर थाना क्षेत्र में दुष्कर्म पीड़िता ने शनिवार शाम फांसी लगा ली। अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। कुछ दिन पहले उसके साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म किया था। लोकलाज के डर से वह चुप रही। दूसरी ओर आरोपी ने किशोरी को लेकर दोस्त से आपत्तिजनक बातें की और बातचीत का ऑडियो वायरल कर दिया। इससे आहत होकर किशोरी ने आत्मघाती कदम उठा लिया। इस संबंध में किशोरी की भाई की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।सोनकपुर थाना क्षेत्र निवासी किसान की 17 वर्षीय किशोरी आठ भाई-बहनों में सबसे छोटे थी। उसके दो भाइयों और चार बहनों की शादी हो चुकी है। अब केवल दो बहनें बची थी। भाई ने बताया कि शनिवार शाम करीब साढ़े बजे किशोरी ने घर में ही फांसी लगा ली। उसकी बड़ी बहन की नजर पड़ी तो शोर मचाया। जिसके बाद तहेरे भाई और गांव के कुछ लोगों ने उसे फंदे से उतार कर मैनाठेर थाना क्षेत्र के महमूदपुर माफी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शनिवार देर रात करीब 11 बजे किशोरी ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद भाई ने सोनकपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि किशोरी के साथ गांव के ही आरोपी वसीम ने 12 दिन पूर्व दुष्कर्म किया था। लेकिन लोकलाज के डर से किशोरी खामोश रही और कहीं शिकायत नहीं की। बाद में आरोपी वसीम दिल्ली चला गया और वहां से अपने दोस्त को कॉल करके किशोरी के बारे में आपत्तिजनक बातें की। इतना ही नहीं दोस्त के साथ की गई बातों का ऑडियो वायरल कर दिया। जिससे किशोरी के साथ दुष्कर्म की बात पूरे गांव में फैल गई। इसके बाद आहत किशोरी ने फांसी लगा ली। एसओ सोनकपुर हंबीर सिंह ने बताया कि भाई की तहरीर पर आरोपी वसीम निवासी सोनकपुर के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

मो. 9027776991

**Title Code : UPBIL05086**

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Vikrant's pride

It is great news for the country that the Indian Navy has got the first indigenous aircraft carrier. In the presence of Prime Minister Narendra Modi, the huge ship INS Vikrant off the coast of Kerala became one of the pride of India. The Prime Minister even said that this ship is India's answer to all the challenges of the sea. This indigenous ship was awaited for a long time. Currently, only a few developed countries have the capability to build ships, now India has also joined these countries with its unique capability. The ship itself is capable of generating enough energy to light over 5,000 homes. All the cables and wires used in it, starting from Kochi, can reach Kashi. Its deck is said to be equal to that of a football field. In fact, its arrival will not only increase the strength of the Navy, but will also increase the morale. The indigenous ship will strengthen the resolve to defend the country. It is necessary that there should be more and more indigenous equipment in the army, so that they can be easily maintained. It will also not take unnecessary time to add any new facility on indigenous ships and remove the old one. It is worth noting that India's naval science is also being remembered on this occasion. India was once very capable in terms of navy. If we look at medieval history, Chhatrapati Shivaji built his navy around 1650. He understood the need for a navy, but when the British dominated the country, he restricted Indian naval science and industry in a way. India has lagged far behind not only in the Navy, but also in the field of weapons manufacturing and even in today's time we are far from self-reliance in terms of strategic resources. We have more aircraft carriers, but they are not built with indigenous technology or indigenous efforts. Even in moments of pride, we must realize that it took us more than a decade to build a giant aircraft carrier. Shivaji was walking on the strategic front with his time and the world, so he is remembered even today. If Shivaji remains intact in the minds of our strategic strategists, it is a matter of reassurance.“It is a matter of added happiness that the Navy's flag has not only changed, but now has Shivaji's imprint on it. However, it is regrettable that even so many years after the end of slavery, the Navy's flag still included the St. George's Cross, an emblem of the British. Why did governments continue to carry this symbol of slavery? Are many such shameful symbols still carrying on the country? It should be ensured that nothing of slave India remains in the new India. Of course, the launch of INS Vikrant should be a start. Strategic manufacturing development in India needs to be accelerated. Indigenous preparation has become more necessary in the way India is being surrounded by challenges. Indians will get true pride in the matter of defense when we start making our maximum weapons, military equipment, vehicles ourselves.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Seema Sajdeh's son got furious when surname changed after divorce from Sohail, told mother - we are 'Khan'

Fabulous Lives of Bollywood Wives: The first season of OTT platform Netflix's original show Fabulous Lives of Bollywood Wives was a superhit and now the second season of the show has been released. Season 2 shows Seema Sajdeh removing the name plate outside the house. Seema Sajdeh removes the surname written 'Khan' and puts on the nameplate with 'Seema, Nirvaan, Yohaan'. Let us tell you that in 1998, Seema Sajdeh was married to Sohail Khan, but after 24 years, both of them filed for divorce. Mother removed Khan's surname - although her decision could not be executed properly because her son Nirvana Khan Started opposing this decision of Seema. The star kid said, 'We are a family of four, all Khans. But by simply removing the surname and writing down the names of three people, you are actually removing the name of a person.' Son said - we are still Khan - Nirman opposed the removal of the name plate, saying, 'This is a lot. non essential. There is no need to do so. What difference does it make? After all, you are still a Khan. We are still mines.' Let us tell you that some time ago, Seema Khan had removed the surname 'Khan' from her name and gave her reaction about this. Khan-Seema Khan had said at that time that she would no longer be Khan. Nirvana suggested that 'Khan and Sajdeh' be written on the nameplate. On his suggestion, Seema said, 'How can I do this Nirvana?' For this reason he decided not to put any surname on the name plate. Only the three of us have a name. I won't change the Khan surname- Seema Sajdeh said of her son's reaction, 'It won't change the fact that after all we are all one family, but at the same time Nirvana, I am that part of life. I am at a stage where I have to take steps forward. He said, 'I am neither on this side nor on that side right now. The last name will remain the same (Khan) in you and Johan's name, but not in my name.'



# Mia Khalifa took bold mirror selfie on the bed without clothes, started showing

Mia Khalifa has shared a story on Instagram. In this she can be seen taking a mirror selfie. The special thing is that she is seen sitting on the bed without clothes and taking a mirror selfie. Mia Khalifa is looking very beautiful in it. Her hair is open And she is seen sitting on the bed wearing a bedsheet. Her cute style is also visible in this.““Mia Khalifa shared the pictures without any comment“Mia Khalifa has shared the pictures half an hour ago. She has shared the pictures without any comment. Although her picture has become viral on social media. Mia Khalifa is quite popular on social media. She is known for her fashion and style. Shared pictures of latest photoshoot“Mia Khalifa recently shared pictures of her latest photoshoot, which got more than 1 million likes. wrote, 'It's very difficult to wear anything in the heat of New York'“Mia Khalifa has 27 million followers on Instagram. She often shares her hot and bold pictures. Mia Khalifa is also known as a social media influencer and sometimes posts related to social issues. Mia Khalifa is also known for her pictures. She is also trolled for this, although it has no effect on her. She responds to trolling and shares bold photos.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# वंचितों पिछडों अनुसूचितों व अल्पसंख्यकों की आवाज बन रहा यदुकुल पुर्नजागरण मिशन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यदुकुल पुर्नजागरण मिशन के संस्थापक सदस्य एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत राजू आर्या ने आज लखनऊ से एटा आगमन के पश्चात अपने आवास पर हमारे संवाददाता से हुई एक खास मुलाकात के दौरान बताया कि देश के सबसे बडे सूबे उत्तर प्रदेश में भाजपा के सशक्त सगंठन व योगी सरकार के सामने सपा एवं बसपा जैसी पार्टियां शनैः शनैः अपना अस्तित्व खोती जा रही हैं , जनता जनार्दन की आम समस्याओं से अब उनका कोई लेना देना नहीं रह गया है ! महंगाई , बेरोजगारी ,भुखमरी व भ्रष्टाचार चरम सीमा लांघ चुका है तथा प्रदेश की योगी सरकार ने विधान सभा चुनाव से पहले जो वायदे जनता से किये थे उस कसौटी पर वह खरी नहीं उतर रही है !

उत्तर प्रदेश के अन्दर वर्तमान दौर में खासकर किसान नौजवान के साथ ही वंचित पिछडे अनुसूचित व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं , जिसके मद्देनजर प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बदलाव की बयार के लिए उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिहं यादव व डी.पी.यादव सहित अन्य वर्गो के कई क्षत्रपों ने विगत दिनों लखनऊ में एक बैठक कर उत्तर प्रदेश की उन्नति एवं जनहित के लिए यदुकुल



पुर्नजागरण मिशन का गठन करके समूचे प्रदेश में जो अभियान चलाया है उससे प्रदेश के वंचित , पिछडे , अल्पसंख्यक व अनुसूचित वर्ग के लोग मिशन की आवाज बनते जा रहे है ! राजू आर्या ने आगे कहा कि शीघ्र ही समूचे प्रदेश में यदुकुल पुर्नजागरण मिशन योजनाबद्द रूप से आम आदमी तक पहुंच बनाने के लिए छोटी एवं बडी रैलियों का आयोजन कर उत्तर प्रदेश में एक नई इबारत लिखने में कामयाब होगा !

## दो दोस्तों ने रुपयों के लालच में रची थी हत्या की कहानी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना जलेसर पुलिस तथा जनपदीय स्वॉट तथा सर्विलांस टीम द्वारा थाना जलेसर क्षेत्र में हुए गोपाल वर्मा हत्याकाण्ड का 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण, दो दोस्तों ने रुपयों के लालच में रची थी हत्या की कहानी, दोनों अभियुक्त एटा पुलिस की गिरफ्त में, मृतक की मोटर साइकिल, एक जोड़ी जूते व मोबाइल फोन, हत्या में प्रयुक्त बोरा तथा अभियुक्तों द्वारा घटना के समय पहने हुए कपड़े मय बैग बरामद । घटना का विवरण - दिनांक 03.09.2022 को वादी श्री मुकेश पुत्र श्री राजेन्द्र प्रकाश निवासी बड़ा बाजार कस्बा व थाना जलेसर एटा द्वारा थाना जलेसर पर इस आशय की लिखित सूचना दी गई कि दिनांक 01.09.2022 को दादी द्वारा अपने पुत्र गोपाल उम्र करीब 22 वर्ष के सम्बन्ध में थाना जलेसर पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी, दिनांक 02.09.2022 की रात्रि में उसके पुत्र का शव थाना जलेसर क्षेत्रांतर्गत नगला बबूल के पास बाजरे के खेत में संदिग्धावस्था में पड़ा हुआ मिला है किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा उनके पुत्र की हत्या कर शव बाजरे के खेत में डाल दिया गया है। अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# जलेसर-अपहरण कर युवक की निर्मम हत्या

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-युवक 31 अगस्त 2022 से था लापता 22 वर्षीय गोपाल निवासी मुहल्ला पोस्ती खाना घर से गणेश चतुर्थी के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। युवक देर रात्रि होते देख उसी कार्यक्रम से हुआ था लापता।

युबक के घर वालों के पास प्रात: मृतक के फोन से आई थी कॉल। मृतक के परिजनों से 50 लाख फिरौती के रुपयों की कईबार हुई थी माँग। आज अर्ध रात्रि समय करीब 1 बजे कलवारी-समसपुर रास्ते के पास अपहृत युवक मरा हुआ पाया गया जलेसर पुलिस ने तत्काल परिजनो को घटना पर बुलाकर बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज। पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र कस्वा जलेसर, जनपद एटा का है। विशेष सूत्र- कस्वा में डेड बॉडी आने के बाद आज शान्ति व्यवस्था बिगड़ने के आसार। म्रतक के परिजनो से प्राप्त हुई रिकार्डिग जिस मै अपराधी पैसे की मांग कर रहे है

# एटा में लापता अखबार विक्रेता का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में लापता अखबार विक्रेता का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, परिजनों को हत्या कर शव फेंकने की आशंका,परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल,3 दिनों से लापता था मृतक अखबार विक्रेता गोपाल सर्राफ,बदमाश उसके मोबाइल फोन से ही 50 लाख रुपये की फिरौती की कर रहे थे मांग,मृतक गोपाल का शव नगला नैनसुख गाँव पर पड़ा मिला, क्षेत्र में फैली सनसनी,मृतक गोपाल के पिता मुकेश वर्मा ने 3 दिन पूर्व कोतवाली जलेसर में कराई थी अपने बेटे के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज,उनका मृतक बेटा गोपाल 3 दिन पहले मंदिर दर्शन की कहकर बाइक पर गया था लेकिन वापस नहीं लौटा,थाना जलेसर क्षेत्र का मामला।

# अग्रिम जमानत याचिका आज जिला एवं सत्र न्यायालय एटा द्वारा खारिज

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जान से मारने के इरादे से नाजायज तमंचे से फायर करने के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका आज जिला एवं सत्र न्यायालय एटा द्वारा खारिज कर दी गई। दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के पश्चात न्यायालय द्वारा अभियुक्त आशू यादव द्वारा प्रस्तुत की गई अग्रिम जमानत याचिका निरस्त कर दी गई। प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार ग्राम फफोतू के रहने वाले अंकुल जैन पर गांव चुरैथा निवासी आशू यादव ने अपने अन्य साथियों की मदद से जान से मारने के लिए अंकुल जैन पर नाजायज तमंचे से फायर किया था। अचानक हुए हमले से अंकुल जैन बाल-बाल बच गया। मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट पीड़ित द्वारा थाना रिजोर पर आशू यादव व राजेंद्र यादव एवं उसके अन्य साथियों के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। इसी मामले में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना रिजोर द्वारा क्षेत्र में लगातार दविशे दी जा रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट में नामजद अभियुक्त आशू यादव द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एटा के संदीप जैन के समक्ष एक अग्रिम जमानत याचिका एडवोकेट सुमित कुमार सिंह के द्वारा प्रस्तुत की गई थी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एटा संदीप जैन के कानपुर स्थानांतरण हो जाने के कारण अपर जनपद न्यायाधीश कक्ष संख्या 1 के समक्ष उक्त अग्रिम जमानत याचिका प्रस्तुत हुई तथा अपर जिला जज कक्ष संख्या 1 एटा के द्वारा दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के पश्चात आशू यादव की अग्रिम जमानत याचिका निरस्त कर दी गई। उक्त मामले के वादी एवं पीड़ित अंकुश जैन की ओर से आशू यादव की अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करने हेतु एडवोकेट नितिन चंद्रेश शर्मा उपस्थित हुए जिन्होंने आशू यादव की अग्रिम जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आशू यादव इस घटना का मुख्य अभियुक्त है आशू यादव ने ही बादी अंकुल जैन पर जान से मारने हेतु नाजायज तमंचे से फायर किया था। यदि उसकी अग्रिम जमानत याचिका मंजूर की गई तो मामले में निष्पक्ष विवेचना संभव नहीं हो सकेगी वह अवश्य ही गवाहों एवं वादी की जान माल के लिए खतरा बन जाएगा। राज्य की ओर से डीजीसी रेशपाल सिंह राठौर तथा वादी एवं पीड़ित अंकुर जैन की ओर से नितिन चंद्रेश शर्मा एडवोकेट उपस्थित रहे।

## मण्डल के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया पीएचसी बागवाला का निरीक्षण,डीएम , एसएसपी व सीएमओ रहे मौजूद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-उत्तर प्रदेश सरकार के ऋषि मंत्री एवं अलीगढ मण्डल के प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने अपने निर्धारित कार्यक्रमानुसार पीएचसी बागवाला का निरीक्षण किया !

निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप जैन , विधायक मारहरा वीरेन्द्र सिहं लोधी सहित डीएम अंकित अग्रवाल व एसएसपी उदय शंकर सिहं , सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी सहित डा. सुभाष शाक्य , डा. रवीन्द्र चौहान , स्टेनो सीएमओ मुकेश कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे !

# झारखंड के विधायकों को ठहराने के कारण छत्तीसगढ़ में जल्द पड़ेंगे ईडी और आईटी के छापे, CM भूपेश बघेल का दावा



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा कि उनके राज्य में भी जल्द ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर (आईटी) विभाग के छापे पड़ते नजर आएंगे, क्योंकि झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक रायपुर के पास एक रिसॉर्ट में ठहरे हुए हैं। राजधानी रायपुर में हेलीपैड पर पत्रकारों से बात करते हुए सीएम बघेल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि उसे लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के घटक दलों झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायकों को लोकतंत्र की रक्षा के लिए रायपुर के बाहरी क्षेत्र में एक रिसॉर्ट में रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को लोकतंत्र में यकीन नहीं है। झारखंड के (सत्तारूढ़ गठबंधन के) विधायक रायपुर में ठहरे हुए हैं और हमने उनका स्वागत किया है। अब भाजपा इसका विरोध कर रही है। मेरे शुभचिंतकों ने मुझे सूचना दी है कि शीघ्र ही छत्तीसगढ़ में ईडी और आईटी के छापे पड़ने वाले हैं क्योंकि हमने झारखंड के विधायकों को यहां ठहरा रखा है।


उन्होंने कहा कि झारखंड के विधायक कहीं भी जा सकते थे, लेकिन वे छत्तीसगढ़ आए। मुझे अच्छी तरह पता था कि यदि मैं उन्हें यहां ठहरने के लिए बुलाऊंगा तो राज्य पर ईडी और आईटी की कार्रवाई होगी, लेकिन यह लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है। रिसॉर्ट के बाहर प्रदर्शन करने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका उधर, भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ता शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे नया रायपुर में मेफेयर गोल्फ रिसॉर्ट के पास पहुंच गए, जहां झारखंड के सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक ठहरे हुए हैं, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया और कुछ देर के लिए हिरासत में लिया। इन भाजयुमो कार्यकर्ताओं के हाथों में पोस्टर थे जिन पर लिखा था, अंकिता हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा है। झारखंड के दुमका जिले में एक व्यक्ति ने बारहवीं कक्षा की छात्रा अंकिता को कथित रूप से आग लगा दी थी और उस छात्रा ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने कहा, झारखंड में अराजकता है तथा कानून व्यवस्था चरमरा गई है। लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन सत्तारूढ़ संप्रग के विधायक रायपुर में पिकनिक मना रहे हैं। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने राज्य में मद्यनिषेध लागू करने का वादा किया था, लेकिन वह झारखंड के विधायकों को शराब परोस रही है। एक अधिकारी ने बताया कि भाजयुमो के 41 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया और उन्हें बस से राखी थाने ले जाया गया, जहां उन्हें बिना शर्त छोड़ दिया गया। बता दें कि, झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार ने मंगलवार को अपने 32 विधायकों को रायपुर पहुंचा दिया था। माना जा रहा है कि उसने राज्य में वर्तमान राजनीतिक संकट के मद्देनजर विपक्षी भाजपा द्वारा विधायकों की कथित खरीद फरोख्त के प्रयासों को विफल करने के लिए यह कदम उठाया है।

# शादीशुदा युवती पर बना रहा था बात करने का दबाव, मना करने पर प्रेमिका को फंसाने के लिए बनाया खुद के अपहरण और हत्या प्लान



उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में एक युवक द्वारा अपनी शादीशुदा प्रेमिका को झूठे केस में फंसाने का मामला सामने आया है। दरअसल शादी के बाद युवती ने जब प्रेमी से बात करने से मना कर दिया तब युवक ने अपने ही हत्या और अपहरण की साजिश रच डाली। युवक इसका आरोप प्रेमिका के उपर लगाने के फिर फिराक में था लेकिन पुलिस ने उसके पूरी साजिश को नाकाम कर दिया और आरोपी को जेल भेज दिया। ये मामला आजमगढ़ के महराजगंज थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव का है। जहां संदीप दूसरे समुदाय की लड़की से प्यार करता था दोनों के बीच अक्सर फोन पर बातें होती थी। कुछ दिनों बाद प्रमिका की शादी हो गई और उसके बच्चें भी हो गए। इसके बावजूद संदीप उस पर फोन पर बात करने का दबाव बनाने लगा। जब प्रेमिका ने बात करने से मना कर दिया तब संदीप ने उसे फंसाने की योजना बनाई। इसके लिए वह मुंबई भाग गया जहां अपने दोस्त बलराम के साथ रहने लगा। इस दौरान संदीप ने नया सिम लिया और अपने भाई को धमकाने वाला मैसेज भेजने लगा। संदीप ने घर वालों को खून से सने हाथ की भी तस्वीर भेजी जिसे देखकर घर वाले डर गए। इसके बाद संदीप के परिजनों ने प्रेमिका के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया। जब पुलिस इस मामले की जांच की तो पता चला कि संदीप जान बुझकर युवती को फंसाने की कोशिश कर रहा है, दोनों देवरिया जाने के फिराक में थे। जिसके बाद पुलिस ने संदीप और उसके दोस्त बलराम को बवाली मोड़ से गिरफ्तार लिया। पुलिस से जब कड़ाई से पूछताछ की दोनों ने अपने गुनाह कबूल कर लिए।

# कांग्रेस नेता राज बब्बर का पीएम मोदी पर उमड़ा प्यार, केंद्र सरकार के इस स्क्रीम की जमकर की तारीफ



देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस अपने असंतुष्ट नेताओं को मनाने में जुटी है लेकिन इसके बावजूद कई नेता अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। अब कांग्रेस नेता राज बब्बर ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने केंद्र सरकार की तुलना पिछली मनमोहन सरकार से कर दी है। कांग्रेस नेता राज बब्बर ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जन धन योजना की तारीफ की। उन्होंने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना यानी PMJDY ने 8 साल पूरा कर लिया है।

लोगों के पैसा और मदद सीधे अब उनके अकाउंट में पहुंच रहा है। जिसमें आधे से अधिक अकाउंट होल्डर महिलाएं हैं। ऐसी ही एक योजना आपका पैसा आपके हाथ नाम से पिछली सरकार यानी मनोहन सिंह के समय शुरू हुई थी। मौजूदा सरकार का ये काम यकीनन तारीफ के काबिल है।बता दें कि पिछले कुछ महीनों से कांग्रेस के दिग्गज नेता नाराज होकर पार्टी छोड़ रहे हैं। सभी नेता अलग-अलग तरीके अपनी नाराजनगी जाहिर कर रहें हैं। हाल ही में कांग्रेस ने दिग्गज नेता गुलाम नबी आजाद ने भी पार्टी से अलग हो गए। इसके बाद पार्टी छोड़ने वाले नेताओं की झड़ी लग गई। राज बब्बर लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं। हालांकि वे पार्टी में किसी पद पर आसीन नहीं हैं।

# प्रेमिका संग संबंध बनाते हुए पत्नी को वीडियो कॉल करता था पति, तंग आकर पत्नी ने ले ली जान



गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थाना अंतर्गत आने वाले संजय नगर में पति के अवैध संबंधों से नाराज पत्नी ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ मिलकर पति की बेरहमी से हत्या कर दी। हालांकि, पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में इस हत्याकांड को सुलझाते हुए आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस की पूछताछ में आरोपी पत्नी शालू ने बताया कि उसके पति अमित वर्मा के एक महिला के साथ अवैध संबंध थे। इसको लेकर उनके बीच अक्सर झगड़ा होता था। बताया गया है कि अमित अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत के दौरान पत्नी को वीडियो कॉल करता था।

## सिर पर भारी चीज से हमला कर ली पति की जान

जानकारी के अनुसार, संजय नगर सेक्टर-23 के एम-ब्लॉक निवासी 40 वर्षीय ज्वैलर अमित वर्मा की सिर पर किसी भारी चीज से हमला कर हत्या कर दी गई थी। रविवार तड़के अमित का शव उसी की कार में पड़ा मिला। कार के अंदर और घटनास्थल के आसपास खून के निशान मिले थे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक, अमित वर्मा शनिवार रात सहारनपुर जाने की बात कहकर घर से निकला था। मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में फैंटम सवार पुलिसकर्मी रविवार तड़के चार बजे गश्त पर निकले तो कमला नेहरू नगर में सड़क पर एक वैगनआर कार खड़ी मिली। चेक करने पर कार के अंदर एक युवक मृत अवस्था में मिला, जिसकी पहचान अमित वर्मा के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, सिर पर किसी भारी चीज से हमला कर अमित वर्मा की हत्या की गई थी। कार में खून के धब्बे भी मिले। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शुरुआती जांच में पुलिस को मृतक के किसी दूसरी महिला से संबंध होने की जानकारी मिली। पुलिस ने जब मृतक की पत्नी से पूछताछ की तो उसकी बातों में विरोधाभास पाया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पति के अवैध संबंधों के चलते ही उसने पति की हत्या को अंजाम दिया था।बताया जा रहा है कि महिला ने घर में ही पति की हत्या करने के बाद शव कार में डालकर लावारिस हालत में छोड़ दिया था। इसके बात हत्या के निशान छुपाने के लिए उसकी पत्नी और बेटी ने रात में ही खून से सना गद्दा धोकर छत पर सुखा दिया था और घर की सीढ़ियों को भी धो दिया था।